# नगरायुक्त के चार्जिंग बस स्टेशन में सुविधाओं के निर्देश

शेखर टाइम्स संवाददाता

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर क्षेत्र के न्यू सिटी (ककरा) में नवनिर्मित बस चार्जिंग स्टेशन, नगर निगम कार्यालय व न्यू सिटी (ककरा) से अजीजगंज तक बन रहे पुल का निरीक्षण किया गया।

नगर आयुक्त ने न्यू सिटी (ककरा) में बने नवनिर्मित चार्जिंग बस स्टेशन का निरीक्षण कर चार्जिंग बस स्टेशन में कार्यदायी संस्था के अधिकारियों व कर्मचारियों से चार्जिंग बस स्टेशन में हो रहें कार्यों की जानकारी ली गई व चार्जिंग बस स्टेशन में और अधिक बेहतर सुविधायों उपलब्ध कराये जाने हेतु दिशा निर्देश दिये गये।नगर आयुक्त द्वारा न्यू सिटी



(ककरा) में नगर निगम कार्यालय की भूमि का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त द्वारा नगर निगम कार्यालय के शिलान्यास हेतु की जाने वाली तैयारियों हेतु संबन्धित को दिशा निर्देश दिये गये। न्यू सिटी (ककरा) से अजीजगंज तक बन रहें पुल का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त द्वारा पुल के निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता को देख गया व निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण कराये जाने हेतु संबन्धित को निर्दशित किया गया। अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सीएनडीएस संस्था के अधिशासी अभियंता रघुवंश राम, परिवहन निगम के आरएम उपस्थित रहे।